प्रेस-विज्ञप्ति

10 फरवरी, 2022

पीएफसी को प्रतिष्ठित "वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु आईसीएआई अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली, 10 फरवरी, 2022: पावर फाइनेंस कॉर्परिशन लिमिटेड (पीएफसी), एक महारत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र में देश की अग्रणी एनबीएफसी, ने 'सार्वजनिक क्षेत्र की एंटिटियों' की श्रेणी में वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता हेतु प्रतिष्ठित आईसीएआई (इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया) रजत अवॉर्ड जीता है।

पीएफसी को इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड से लेखांकन मानकों के अनुपालन के उच्चतम स्तर, वित्तीय विवरण तैयार करते समय अपनाई गई सराहनीय लेखांकन पद्धतियों, वित्तीय विवरणों के प्रकटीकरण और प्रस्तुति के लिए अपनाई गई नीतियों के साथ-साथ वार्षिक रिपोर्ट में निहित अन्य जानकारी के लिए सम्मानित किया गया था।

यह पुरस्कार श्री आर.एस. ढिल्लों, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्रीमती परमिंदर चोपड़ा, निदेशक (वित्त) और श्री. आर.के. मल्होत्रा, कार्यपालक निदेशक (वित्त) ने डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (अतिरिक्त प्रभार), पृथ्वी विज्ञान, पीएमओ के लिए एमओएस, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग से 09 फरवरी, 2022 को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्राप्त किया था। श्री मोहम्मद सलीम, महाप्रबंधक (वित्त) और श्री अनुराग गुप्ता, मुख्य प्रबंधक (वित्त) भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

ह/-

(एस.एस. राव)

मुख्य महाप्रबंधक (जनसंपर्क)